nt>

Title: Situation arising out of the severe drought in Jharkhand.

श्री टेक लाल महतो (गिरिडीह) : अध्यक्ष महोदय, समस्त झारखंड क्षेत्र में सूखे की समस्या जटिल हो गई है। वहां गरीब किसानों की स्थिति दयनीय है। समस्त जल साधन सूख चुके हैं। झारखंड क्षेत्र की सभी फसलें सूखे से प्रभावित हैं। अभी तक वा्ा नही हुई है। सब स्रोत सुख गए हैं। फसल होने की कोई उम्मीद नहीं है। हमने जितने बीज बोए, सब सूख गए हैं। जल संकट इतना ज्यादा हो गया है कि लोगों को पीने का पानी मिलना मुश्किल हो गया है।

मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि झारखंड को सूखे से बचाए। वहां खेती कैसे होगी, इसका हल निकाला जाए।